## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 24.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे होगी राज्य कैबिनेट की बैठक, कई प्रस्तावों को मिल सकती है मंजूरी।
- पलामू के विश्रामपुर में रामचन्द्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, विद्यार्थियों के बीच बांटी डिग्रियां।
- केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारी नीति 2025 का करेंगे शुभारंभ।
- धनबाद के बाघमारा में अवैध उत्खनन के दौरान हुए हादसे पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य सरकार को घेरा, कांग्रेस ने केन्द्र को ठहराया जिम्मेवार।
- जमशेदपुर में डुरंड कप का आज से होगा आगाज, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे उद्‌घाटन।

************************

राज्य कैबिनेट की बैठक आज शाम चार बजे रांची के प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होगी। राज्य सरकार इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले ले सकती है। गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 1 अगस्त से 7 अगस्त तक प्रस्तावित है। इसको लेकर कैबिनेट बैठक में राज्य की विकास योजनाओं से जुड़े प्रस्तावों पर फैसले लिए जाने की संभावना है।

************************

पलामू जिले के विश्रामपुर स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय का आज दूसरा दीक्षांत समारोह मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार शामिल हुए। मौके पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भी मौजूद रहे। राज्यपाल ने विद्यार्थियों के बीच उपाधियां बांटी और छात्र–छात्राओं को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प है। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

************************

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारिता नीति–2025 की घोषणा करेंगे। कार्यक्रम अटल अक्षय ऊर्जा भवन में आयोजित होगा। यह नीति एक प्रमुख सुधार पहल है जिससे अगले दो दशक –2025 से 2047 तक भारत का सहकारिता आंदोलन निर्देशित होगा।

************************

पीएम विकसित भारत रोजगार योजना एक अगस्त से पूरे देश में लागू होगी। इसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर रांची में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय अपर आयुक्त सूरज शर्मा ने विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत पूरे देश में करीब तीन करोड़ रोजगार सृजित किये जायेंगे।

************************

पाकुड़ जिले में बीते कुछ दिनों से अनियमित विद्युत आपूर्ति से लोग परेशान हैं। आज लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने पाकुड़ –धूलियान मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ वार्ता की और ग्रामीणों को बिजली आपूर्ति में सुधार का भरोसा दिलाया। इसके बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन समाप्त किया।

***********************

सरायकेला खरसावां जिले के कांड्रा बाजार स्थित कपड़ों की एक दुकान में आज सुबह अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक दुकान में रखे कपड़े व अन्य सामान जलकर राख हो चुके थे। दुकान के मालिक विपिन गुप्ता ने बताया कि फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

***********************


आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।


***********************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने धनबाद के बाघमारा में अवैध कोयला उत्खनन के दौरान हुए हादसे के लिए राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। पलामू दौरे पर गये श्री दास ने मेदिनीनगर में पत्रकारों से बातचीत में हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने राज्य सरकार से अवैध माइनिंग पर रोक लगाने की मांग की।

***********************

इधर, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने बाघमारा हादसे के लिए केन्द्र सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। उन्होंने कहा कि खदानों की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सीसीएल और बीसीसीएल जैसे संस्थानों द्वारा सीआईएसएफ के माध्यम से की जाती है। इसमें राज्य सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होता।

***********************

पाकुड़ जिले में 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिला प्रशासन की ओर से कवायद तेज कर दी गयी है।

***********************

मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच आईटी शेयरों में बिकवाली के दबाव के कारण प्रमुख बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक आज गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स 434 अंक गिरकर 82 हजार 293 पर आ गया, जबकि निफ्टी 123 अंक गिरकर 25 हजार 96 पर बंद हुआ।

***********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 93 हजार पचास रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 22 हजार रूपये है।

***********************

जमशेदपुर में आज से 134वां डुरंड कप शुरु हो रहा है। पहला मुकाबला जमशेदपुर एफसी और नेपाल के त्रिभुवन आर्मी एफटी के बीच होगा। यह मैच जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्लेक्स में शाम साढ़े पांच बजे से शुरु होगा। उदघाटन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धौनी के भी समारोह में शामिल होने की संभावना है।

***********************